प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल को करेंगे संबोधित।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा में लिया भाग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–तकनीक ने हर काम को बनाया आसान–तकनीक के साथ चलना समय की आवश्यकता।

और

- भारत निर्वाचन आयोग ने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा की– 7 से 30 नवम्बर के बीच होगा मतदान।

अब समाचार विस्तार से..........

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एशियाई खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों की प्रशंसा करेंगे और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करेंगे। एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदक सहित भारत ने कुल 107 पदक जीते हैं। एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के दौरे के दूसरे दिन आज कांगड़ा ज़िले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र की रिडी कुठेड़ा, अमरोह और नारी पंचायतों में मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा में भाग लिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से कलश में माटी एकत्रित की गई। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने देश के बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों को सम्मान देने के लिए मेरी माटी–मेरा देश अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 'अमृत कलश यात्रा' निकाली जा रही है और ये अभियान ब्लॉक, नगर पालिका, निगम और राज्य स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के कोने–कोने से 75 सौ कलशों में मिट्टी लेकर यह 'अमृत कलश यात्रा'

देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों के दौरान मोदी सरकार के नेतृत्व में हर देशवासी खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर रहा है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आई आपदा के समय केन्द्र सरकार ने हिमाचल की हर संभव सहायता की और आगे भी ये सहायता जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 8 सौ 62 करोड़ रूपए की मदद देने के अलावा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 11 हज़ार मकान बनाने को भी स्वीकृति दी गई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में महंगाई 3 गुणा बढ़ी है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महंगाई को नहीं बढ़ने दिया।

<u>अंशदान</u>

दिल्ली सरकार ने प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन से आई आपदा से निपटने के लिए राज्य सरकार को 10 करोड़ रूपए की सहायता राशि आपदा राहत कोष 2023 के लिए प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने ये सहायता राशि प्रदान करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये सहायता राशि आपदा प्रभावितों को मदद प्रदान करने में कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने आम लोगों से भी इस राहत कोष में अधिक से अधिक अंशदान करने का आग्रह किया है ताकि प्रभावितों की हर संभव मदद की जा सके।

<u>अग्निहोत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना ज़िले के नागरिक चिकित्सालय हरोली में आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया। आयुष्मान भव योजना के तहत आयोजित इस मेले में विशेषज्ञों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने हरोली अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और रोगियों का कुशलक्षेम भी पूछा। अग्निहोत्री ने अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ से भी बातचीत की और विभिन्न व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान हरोली के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय मनकोटिया ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में 4 सौ 50 मरीज़ों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गईं।

<u>जयराम ठाकुर</u>

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान समय में तकनीक ने हर काम को आसान बना दिया है और तकनीक के साथ चलना समय की आवश्यकता है। शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय दीप कमल में आज पार्टी की सोशल मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा नई तकनीक को विशेष महत्व देते हैं और इसके इस्तेमाल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया के ज़रिए सही सूचनाएं लोगों तक

पहुंचाने पर बल दिया। कार्यशाला में प्रदेश भाजपा सहप्रभारी संजय टंडन, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव घोषणा

भारतीय निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अगले महीने सात से 30 तारीख के बीच कराए जाएंगे, जबकि पांचों राज्यों में मतगणना तीन दिसम्बर को होगी। नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का विशेष महत्व इसलिए है क्योंकि यह 2024 के आम चुनाव से पहले होने वाले अंतिम विधानसभा चुनाव होंगे।

प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी शिक्षण संस्थानों में आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान कर रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नई बुलंदियों को छूएगा। आज ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान में छात्राओं की तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर–19 खेल प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सुनील शर्मा ने कहा कि आज लड़कियां पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेलकूद और अन्य सभी क्षेत्रों में भी लड़कों से पीछे नहीं हैं। इन्होंने हर क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व होता है। एक खिलाड़ी मेहनत, संघर्ष, दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन का संदेशवाहक होता है। खेल के मैदान में खिलाड़ी कई बार गिरता और हारता है, लेकिन गिर कर दोबारा उठना और हारने के बाद जीतने के लिए संघर्ष करना तथा उसके बाद जीत हासिल करने का सबक भी वह मैदान में ही सीखता है। ये सभी गुण ही हमें जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचाते हैं। सुनील शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भीषण आपदा आने के बाद मुख्यमंत्री ने दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर ही प्रदेश को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है और उन्होंने स्वयं कई दुर्गम क्षेत्रों में जाकर भी लोगों का दुख–दर्द बांटा है। इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का ये सन्देश भी पढ़ कर सुनाया कि आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में संस्थानों को और अधिक बेहतर अधोसंरचना व सुविधाएं प्रदान कर विद्यार्थिओं के चहुंमुखी विकास को सुनिश्चित कर हिमाचल को नई ऊंचाई पर ले जायेंगे, इससे पहले सुनील शर्मा ने ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ तीन दिवसीय प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया  इस में हमीरपुर जिले के 38 स्कूलों की लगभग 340 छात्राएं बास्केटबाल, हैंडबाल, ताईक्वाडों, जूडो और टेबल टेनिस सहित कुल 7 स्पर्धाओं में भाग ले रही हैं।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल को करेंगे संबोधित।

- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा में लिया भाग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–तकनीक ने हर काम को बनाया आसान–तकनीक के साथ चलना समय की आवश्यकता।

और

- भारत निर्वाचन आयोग ने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा की– 7 से 30 नवम्बर के बीच होगा मतदान।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।